# अब दंगाइयों के खिलाफ कठोर कानून लाएंगे मुख्यमंत्री धामी

## -मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सख्त निर्देश देवभूमि में शांति व्यवस्था से नहीं करेंगे कोई समझौता

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दो साल के अपने कार्यकाल में महत्वपूर्ण निर्णयों से पूरे देश में अलग पहचान बनाई है। चाहे सख्त नकल विरोधी कानून हो या फिर विधानसभा में समान नागरिक संहिता बिल पास कर पूरे देश को उत्तराखंड की ओर से समानता का संदेश देना हो। अब उत्तराखंड फिर एक बार दंगाइयों के खिलाफ कठोर कानून लाने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री धामी उत्तराखंड के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने लैंड जिहाद के खिलाफ कड़ी

**सख्ती**

**8 देवभूमि के शांतिपूर्ण माहौल को किसी भी कीमत पर बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।**

कार्रवाई करते हुए भू-माफिया की कमर तोड़ के रख दी। धामी सरकार पांच हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करना भी विशेष पहचान बनी है।

धामी सरकार का सख्त नकल विरोधी कानून युवाओं के सुरक्षित



भविष्य के लिए सशक्त आधार बना है। आज उत्तराखंड की छवि पूर्ण पारदर्शिता से प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करवाने वाले राज्य के रूप में तेजी से मजबूत हुई है। अब अन्य राज्य के युवा भी धामी सरकार की ओर से लागू किए गए सख्त नकल विरोधी कानून लागू करने की मांग भी अपने-अपने राज्यों में कर रहे हैं।

अब एक ऐसा ही कठोर निर्णय सीएम धामी दंगाइयों के विरुद्ध भी लेने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर अधिकारियों ने दंगाइयों के विरुद्ध देश के विभिन्न राज्यों में लागू हुए कानूनों का अध्ययन पूरी तरह कर लिया है।

अब उत्तराखंड में फिर एक बार धामी के नेतृत्व में दंगाइयों के खिलाफ कठोर कानून लाने के लिए तैयार हैं।

माना जा रहा है आने वाले कुछ दिनों में ही दंगाइयों के विरुद्ध एक बिल विधानसभा में पेश किया जा सकता है। मुख्यमंत्री धामी ने इसके संकेत अपने पिछले कुछ बयानों में भी दिए थे। उनका स्पष्ट कहना था कि देवभूमि के शांतिपूर्ण माहौल को किसी भी कीमत पर बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी साफ निर्देश दिये हैं कि ह्लदेवभूमि में शांति व्यवस्था से कोई समझौताह्व नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि उत्तराखंड के मूल स्वरूप और डेमोग्राफी (जनसांख्यिकी) को खराब करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए सख्त निर्देश दिये गए हैं।

# हल्द्वानी हिंसा सहित कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विपक्ष हल्द्वानी हिंसा सहित राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सदन में घेरने का काम करेगी। उन्होंने धामी सरकार के बजट पर कहा कि जनता के उम्मीदों पर खरा नहीं उतरेगा।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सत्र में भाग लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सत्र के दौरान आमजन के हित में हम हमेंशा सकारात्मक पहल करना चाहते हैं। राज्य में कानून व्यवस्था चौपट है, अपराध चरम पर है। समस्याओं को कोई सुनने को तैयार नहीं है। अधिकारी पूरी तरह बेलगाम है। खनन माफिया हावी हैं। ऐसे में राज्य की विकास की बात करना समझ से परे है। विपक्ष इन सभी मुद्दों को लेकर सदन में सरकार को घेरेगी। नेता प्रतिपक्ष नियम 310 के तहत राज्य की ध्वस्त व्यवस्था को लेकर सरकार



को सदन में घेरेंगे।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि सरकार सत्र को लेकर जल्दबाजी में है इस कारण ज्वलंत मुद्दों को लेकर गंभीर नहीं है। बजट को लेकर कहा कि कोई खास उम्मीद नहीं है। सदन में हल्द्वानी हिंसा सहित अन्य मुद्दों को उठाया जाएगा।मंत्री सुबोध उनियाल ने गैरसैंण में विपक्ष के डमी सत्र पर कहा कि कांग्रेस की हर काम में विरोध करने की आदत हो गई है। बजट राज्य के हित और विकास से भरा होगा। उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी युवा नेता हैं। ऐसे में युवाओं की उम्मीद बनकर उनके रोजगार और स्वरोजगार के लिए क्या लाई जा रही है। बजट में क्या प्रावधान है बजट आने के बाद ही पता चलेगा। महिलाओं के लिए क्या लाया जाएगा?

**न्यूज फ्लैश**

## धामी ने परीक्षार्थियों को दी शुभकामनाएं, बोले- मनोयोग एवं आत्मविश्वास के साथ दें परीक्षा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रारंभ होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा- आप सभी प्यारे विद्यार्थी सकारात्मक सोच रखते हुए बिना किसी मानसिक दबाव के पूर्ण मनोयोग एवं आत्मविश्वास के साथ अपनी परीक्षा दें। सभी अभिभावकों से भी मेरा आग्रह है कि बच्चों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करने में सहयोग करें।

1228 परीक्षा केंद्रों में 159 संवेदनशील तो छह अतिसंवेदनशील केंद्र- उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 1228 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। 159 संवेदनशील और छह अतिसंवेदनशील केंद्र चिन्हित किए गए हैं। पहले दिन एक ही पाली में परीक्षाएं कराई जा रही हैं। हाईस्कूल में एक लाख 16 हजार 823 व इंटर में 94 हजार 912 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास सौ गज की परिधि में जिला प्रशासन की ओर से धारा 144 लगाई गई है। ऐसे में परीक्षा केंद्रों के आसपास कड़ी निगरानी है।

## उत्तराखंड विधानसभा में आज पेश होगा बजट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
धामी सरकार मंगलवार दोपहर साढ़े बारह बजे देहरादून विधानसभा में बजट पेश करेगी। राज्य के संसदीय इतिहास में यह पहली बार होगा, जब दोपहर साढ़े 12 बजे बजट प्रस्तुत होगा। इससे पहले शाम 04 बजे बजट प्रस्तुत करने की परंपरा चलती आ रही थी।

विधानसभा कार्यसूची के अनुसार मंगलवार सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी।वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल दोपहर साढ़े बारह बजे वित्तीय वर्ष 2024-25 का आय व्यय प्रस्तुत करेंगे।

वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल का कहना है कि बजट बड़े आकार और आमलोगों के हितों से जुड़ा होगा। सरकार का फोकस सशक्त उत्तराखंड का संकल्प रहेगा। इसके अलावा महिलाओं, युवाओं के लिए स्वरोजगार, किसानों के कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है।

राज्यपाल के अभिभाषण पर 28 फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पारण और बजट पर सामान्य चर्चा ।29 को विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी, जबकि एक मार्च को बजट पारित किया जाएगा। सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 90 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित बजट लाने की संभावना है।

## राजभवन रोड पर नगर पालिका का वाहन खाई में गिरा, एक की मौत

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
बीती रात्रि नगर में हुई एक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि जिस व्यक्ति की मौत हुई है वह वाहन में लिफ्ट लेकर गया था और वाहन में बैठने के करीब 200 मीटर बाद ही दुर्घटना में उसकी मौत हो गयी।

बीती साढ़े आठ बजे नगर पालिका का ह्यडोर-टू-डोरह्व यानी घर-घर से कूड़ा एकत्र करने वाले एक वाहन का चालक रहमान शेख काम खत्म करने के बाद राजभवन रोड पर जा रहा था। मस्जिद तिराहे के पास से शेरवुड कंपाउंड में रहने वाला शाहनवाज नाम का एक व्यक्ति भी वाहन में लिफ्ट लेकर बैठ गया। यहां से करीब 200 मीटर ही आगे चलकर वाहन डीएसबी परिसर से पहले ही एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में नैनी झील की ओर पलट कर गिर गया और शनि देव मंदिर के ऊपर तक आ गया।सूचना मिलने पर मल्लीताल कोतवाली पुलिस के साथ ही अग्निशमन बल एवं एसडीआरएफ के कर्मी भी मौके पर पहुंचे और डेढ़-दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे 50 वर्षीय शाहनवाज एवं 33 वर्षीय रहमान शेख को शनिदेव मंदिर के पास नीचे ठंडी सड़क की ओर निकालकर रात्रि 10 बजे बीडी पांडे जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने शाहनवाज को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल रहमान शेख का उपचार किया जा रहा है।

# 20 लाख की स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
संयुक्त पुलिस टीम ने हल्द्वानी के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में बीती शाम चेकिंग के दौरान 3 स्मैक तस्करों को मोटरसाइकिल में स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है।

आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने 223 ग्राम स्मैक बरामद की गयी है।

आरोपितों में चरणजीत सिंह पुत्र सुच्चा सिंह निवासी दूधियानगर, वार्ड नं. 04 रुद्रपुर ऊधम सिंह नगर, मनीष कुमार पुत्र सेवा राम गंगवार निवासी बरगवां, रसूलपुर, बहेड़ी, बरेली यूपी हाल निवासी सीएमडी कॉलोनी, देवलचौड़ हल्द्वानी व रिंकू कश्यप पुत्र ओम प्रकाश कश्यप निवासी नाथपुर अंगदराय, दातागंज, बदायूं यूपी शामिल हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह स्मैक को दातागंज बदायूं यूपी से बिट्टू नाम के व्यक्ति से खरीदकर अधिक पैसे कमाने के लालच में हल्द्वानी शहर में बेचने के लिये ला रहे थे। मनीष और चरणजीत आपस में साला और जीजा हैं। मनीष हल्द्वानी रहता है, जिसे आरोपित रिंकू बदायूं से स्मैक लेकर रुद्रपुर निवासी चरणजीत सिंह के साथ मिलकर स्मैक को हल्द्वानी लाते हैं और बेचते हैं। गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध कोतवाली हल्द्वानी में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया गया है।

# धामी सरकार ने पेश किया 89230.07 हजार करोड़ का बजट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड सरकार ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 89230.07 हजार करोड़ का बजट पेश कर दिया है।

वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने विधानसभा में साढ़े बारह बजे 89,23,00697 हजार करोड़ का बजट पेश किया। बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री ने राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड की जनता को नमन भी किया।

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इसमें मातृशक्ति का उत्थान का विशेष ख्याल रखा गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट राज्य के विकास के लिए है।



संसदीय कार्य व वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा यह बजट अग्रणी उत्तराखंड की अवधारणा पर आधारित है। "अग्रणी उत्तराखण्ड" की हमारी अवधारणा परंपरा व प्रौद्योगिकी के तथा आधुनिक अवसंरचना व प्रकृति के साथ तालमेल रखते हुए सभी प्रदेशवासियों का और सभी क्षेत्रों का विकास करना है। हमारा प्रयास गांव और शहर, पहाड़ और मैदान, स्त्री व पुरुष, युवा व बुजुर्ग, किसान और उद्यमी सबको बेहतरी के अवसर प्रदान करने का है। विकास का यह मॉडल इकोनॉमी, इकोलॉजी, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन एवं एकाउंटबिलिटी पर आधारित है। यह पारदर्शिता और दक्षता, नागरिकों के लिए बेहतर जीवन, सुगमता और कारोबारी सुगमता को समर्पित बजट है।

यह बजट एक ऐसी अवसंरचना का निमार्ता है जो वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रख कर निर्मित होगा। सशक्त उत्तराखण्ड के लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से प्राप्त करने में सहायक होगा और सत्त विकास के लक्ष्यों को तीव्रगति से प्राप्त किया जा सकेगा।

# चुनावी रणनीति को लेकर कार्ययोजना को अंतिम रूप देगी भाजपा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय देहरादून में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक चल रही है। इसमें आगामी चुनावी रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा कर कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद प्रत्याशियों के नामों पर विचार कर पैनल केंद्रीय संसदीय बोर्ड को भेजने के लिए चुनाव समिति की बैठक होगी।

बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय



महामंत्री व उत्तराखंड चुनाव प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय सहित प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के तहत गठित विभिन्न विभागों के प्रमुखों एवं सह प्रमुख उपस्थित हैं।

## चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बहादराबाद थाना पुलिस ने ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के गश्त के दौरान एक व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपिते कब्जे से 88 ग्राम चरस बरामद की है।

बहादराबाद पुलिस ने गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर द्वारा चरस लाने की सूचना मिली। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को सल्फर मोड शान्तरशाह से 88 ग्राम चरस के साथ गिरत्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम गुलबहार पुत्र बसीर निवासी बढेडी राजपुतान थाना बहादारबाद हरिद्वार बताया।

# भाजपा 1 से 2 मार्च तक लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाएगी : नलिनी भट्ट




**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार लोकसभा के सह प्रभारी नलिनी भट्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश में एक और दो मार्च से लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाएगी। इस अभियान के अंतर्गत 20 लाख लोगों तक पहुंचने की योजना है।

यह जानकारी नलिनी भट्ट ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी योजना के अंतर्गत लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई है। इस अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री के संदेश राम-राम को घर-घर तक पहुंचाएंगे, इस कार्य के लिए पार्टी ने विशेष कार्यशाला लगाकर सभी कार्यकताओं को प्रशिक्षण भी दिया है।

इस योजना के अंतर्गत लोकसभा के अंतर्गत हरिद्वार में मदन कौशिक, ऋषिकेश में प्रेमचंद अग्रवाल और सभी विधायकों को प्रत्येक बूथ तक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पत्रक को लेकर संपर्क करेंगे, जिसमें बताया जाएगा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि अभी तक जाति और गरीब के नाम पर लोगों को बांटने का कार्य किया है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने विश्वास के साथ सभी के लिए कार्य किया है। उनका कहना था कि भारतीय जनता पार्टी के लिए सबका विकास सर्वोपरि है, गरीब युवा किसान और महिलाओं के विकास के लिए अन्य योजनाओं को भी जल्द से जल्द पहुंचाया जा रहा है।

# उत्तराखंड में बदला मौसम, बारिश व बर्फबारी से बढ़ी ठिठुरन

**ठंड का असर**

**8 मौसम विभा ने प्रदेश के 7 जिलों में सोमवार से बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई थी।**

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड राज्य भर में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। मंगलवार को पहाड़ों में बारिश और बर्फबारी से ठंड का असर फिर से देखा जा रहा है। मौसम विभा ने प्रदेश के 7 जिलों में सोमवार से बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई थी।



उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री, हर्षिल, धराली, दयारा,डोडीताल, यमुनोत्री, हरकीदून, सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई जबकि निचले इलाकों में रिमझिम बारिश शुरू हो गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने मौसम का पूवार्नुमान जारी किया है, जिसमें उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में बारिश और चोटियों पर हिमपात की संभावना जताई है।

# उत्तराखंड विस बजट सत्र हंगामे के साथ शुरू, मंत्री महाराज और विपक्षी विधायकों के बीच जोरदार बहस

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र का दूसरे दिन मंगलवार को हंगामे के साथ प्रश्नकाल के साथ शुरू हुआ। इस दौरान ग्रामपंचायत विकास, पर्यटन, सिंचाई विभाग,लोक निर्माण विभाग से संबंधित प्रश्न आए। इनकी सही जानकारी को लेकर मंत्री सतपाल महाराज और विपक्षी विधायकों के बीच जोरदार बहस हुई। इस दौरान सदन के नेता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी सदन में मौजूद रहे।

मंगलवार को सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि राज्यपाल की ओर से विधानसभा अध्यक्ष को फोन कर अभिभाषण के दौरान सता पक्ष और विपक्ष से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद किया गया है।

विधायक महेश जीना के पूछे गए तारांकित प्रश्न पर मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि प्रदेश में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (वी.पी.डी.ओ.) के कुल 1175 पद सृजित हैं और सृजित पदों के सापेक्ष आतिथि में कुल 398 पद रिक्त हैं। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रतियोगी परीक्षा से चयनित 342 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिये जाने की प्रकिया के तहत अभिलेख सत्यापन की कार्यवाही गतिमान है।ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजनाएं निर्मित कर, ई-



ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड की जा रही हैं। कांग्रेस विधायक गोपाल सिंह राणा ने प्रश्न पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि नानकमत्ता साहिब को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए मानसखण्ड मिशन के अन्तर्गत द्वितीय चरण के लिए चयनित किया गया है। इसके अतिरिक्त उक्त गुरुद्वारे को सिख सर्किट में भी सम्मिलित किया गया है।

विधायक गोपाल सिंह राणा के प्रश्न पर सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि नानकमत्ता नहर प्रणाली से 2933 हेक्टेयर सीसीए के सापेक्ष खरीफ में 1105 है और रबी में 1300 है। कुल 2405 क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्रदान की जा रही है। तहसील खटीमा झनकट नहर प्रणाली से 1470 है। सीसीए के सापेक्ष खरीफ में 55 है एवं रबी में 55 है। कुल 110 है। क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्रदान की जा रही है। उप तहसील नानकमत्ता के अन्तर्गत नानकमत्ता नहर प्रणाली की लाइनिंग का कार्य पूर्व में हो चुका है, जिससे उक्त नहर का सम्पूर्ण क्षेत्र सिंचित हो रहा है। जिस कारण नानकमत्ता नहर प्रणाली द्वारा उक्त डैम से अतिरिक्त सिंचन क्षमता में वृद्धि नहीं हो रही है। नाबार्ड मद के अन्तर्गत तहसील खटीमा में झनकट माइनर की लाइनिंग का कार्य प्रगति पर है, कार्य पूर्ण होने के उपरान्त खरीफ में 175 है और रबी में 45 है। कुल 220 है, सिंचन क्षमता में वृद्धि हो जायेगी।

कांग्रेस विधायक वीरेन्द्र कुमार के केंद्रीय निधि प्रधानमंत्री ग्रमीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों के अनुरक्षण तक होती है। जिस पर लोक लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि मार्गों के सामान्य अनुरक्षण कार्यों के लिए 3 वर्ष के लिये अनुरक्षण अनुबन्ध का प्रावधान है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| क्र.सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | 06/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2024:- एईईएन/एडब्ल्यू के तथा एईईएन/एडब्ल्यू एएससी/एडब्ल्यू एडीएमई/एडब्ल्यू स्टेशन निदेशक/एडब्ल्यू और डीएसटीई/एडब्ल्यू के नव निर्मित पद के लिए 5 टाइप-IV क्वार्टर के निर्माण के लिए विद्युत कार्य। |
|---|---|---|
| 1 | | |

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत (रु0) | 17,21,759.00 (जीएसटी सहित) |
| कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | विद्युत शाखा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |
| बिड सिक्युरिटी राशि (रु) | 34,400.00 |
| कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | 6 (छह) माह |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | निविदाएं दिनांक 20.03.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। |
| वेबसाइट एवम कार्यालय का पता | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

निविदा सूचना सं0 07/2024 दिनांक :- 27/02/2024 624/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की डीएम ने ली समीक्षा बैठक

**निर्देश**

8 संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाते हुए गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए।



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी चमोली ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम्य विकास अभिकरण के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाते हुए गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए।
जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जो आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के लोगों को पक्के आवास प्रदान करती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत मिशन मोड में काम करते हुए अवशेष निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराएं। जिला एवं ब्लाक स्तर पर आवास निर्माण कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया जाए। डीएम ने कहा कि जो लोग आवास बनाना चाह रहे है, लेकिन अपनी आर्थिक स्थिति के कारण दुविधा में है, उनकी यथासंभव मदद भी की जाए।
मनरेगा कार्यो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मनरेगा में जो भी निर्माण कार्य होने है, उनको चुनाव आचार संहिता से पहले शुरू करें। मनरेगा में लंबित देनदारियों का तत्काल भुगतान किया जाए। आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों, क्लस्टर लेवल फेडरेशन की ओर से किए जा रहे कार्यो का विश्लेषण करें और जनपद की आवश्यकताओं एवं जरूरतों को दृष्टिगत रखते हुए समूहों के माध्यम से आरएफ और सीसीएल फंड के साथ उपयोगी योजनाओं पर काम किया जाए। ऐसे स्वयं सहायता समूह जो फंड का उपयोग नहीं कर रहे है, उनका मार्गदर्शन करें। ताकि समूहों की आजीविका में वृद्धि हो। जनपद की डिमांड और सप्लाई का सर्वेक्षण करते हुए रीप के अंतर्गत किसी क्षेत्र विशेष को चिह्नित करते हुए एक व्यापक प्लान तैयार किया जाए। जल संरक्षण के लिए बहुउद्देशीय एप्रोच के साथ मिशन मूड में काम किया जाए। चारधाम यात्रा के दौरान आउटलेट और होटल के माध्यम लोकल उत्पादों का विपणन की व्यवस्था की जाए।
बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत पिछले वर्ष 2022-23 में स्वीकृत 1794 आवास में से 1663 आवास पूर्ण और 131 आवास का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस वर्ष 2023-24 में 2149 आवास निर्माण लक्ष्य के सापेक्ष 393 पूर्ण हो गए है और 1127 लाभार्थियों का द्वितीय किस्त जारी कर दी गई है। मनरेगा के अंतर्गत मानव दिवस सृजन के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक मानव दिवस सृजन करते हुए 99.7 प्रतिशत मजदूरी भुगतान कर लिया गया है।

# अचानक बिगड़ी आबकारी सचिव की तबीयत, मुख्यमंत्री धामी ने जाना हाल

## मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को देखभाल के साथ बेहतर इलाज के दिए निर्देश

**ब्रेन क्लॉटिंग**

8 - सोमवार देर रात मुख्यमंत्री आवास गए थे आबकारी सचिव, अचानक उठा सीने में दर्द



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सिनर्जी अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती आबकारी सचिव हरिचंद सेमवाल का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से भी सेमवाल के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री चिकित्सकों को अच्छी देखभाल के साथ बेहतर इलाज के निर्देश दिए।
दरअसल, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी व आबकारी सचिव हरि चंद सेमवाल की सोमवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बता दें कि जिस समय उनकी तबीयत बिगड़ी उस वक्त वो किसी काम से मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे। इसी दौरान उनके सीने में दर्द शुरू हो गया।
जानकारी के मुताबिक, प्रारंभिक जांच के बाद उनके ब्रेन में क्लॉटिंग की समस्या सामने आई है।

# विकट समय पर काम आती है सिम्पथी, भावनाएं ठीक तो जीत सुनिश्चित: भगत सिंह

**संगोष्ठी**

8 - सिलक्यारा विषम चुनौती से समाधान संवाद कार्यक्रम व संगोष्ठी का आयोजन



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
संस्कृति साहित्य एवं कला परिषद की ओर से सिलक्यारा विषम चुनौती से समाधान संवाद कार्यक्रम और संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
इसमें पूर्व राज्यपाल ने विषम चुनौती से सतर्क करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सिम्पथी ही काम करती है। हमारी भावनाएं ठीक हैं तो जीत सुनिश्चित है। सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी ने भी अपने अनुभव साझा किए।
मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल व पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि सिलक्यारा टनल आपदा एक अनुभव दे गया। इस घटना में लोगों ने एकजुट होकर जो बचाव का प्रयास किया, वो सराहनीय है। ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए सजग रहना होगा। शासन-प्रशासन सब एकजुटता से समाधान करेंगे। ऐसे विकट समय पर एलोपैथी, होम्योपैथी सब धरी की धरी रह जाती हैं और सिम्पथी काम करती है। हमारी भावनाएं ठीक हैं तो जीत सुनिश्चित है।

# मतदाता जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जन-जन को जागरूक एवं शिक्षित बनाना तथा सही नेता चुनने के लिए मतदाता को जगाना विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के दयानंद स्टेडियम परिसर स्थित ध्यानचन्द सभागार में किया गया। कार्यशाला में एमपीएड, बीपीएड, बीपीईएस पाठयक्रम के छात्रों संग शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भाग लिया। लोकतंत्र की रक्षा के लिए मतदान का उपयोग एवं मतदाता को अपने अधिकार एवं शक्ति को पहचानना होगा।

# मुख्यमंत्री धामी से मिले व्यापार मंडल के प्रतिनिधि

**आबकारी नीति**

8 किसी को कोई नुकसान न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री धामी जल्द से जल्द समाधान करेंगे



**देहरादून**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उत्तराखंड के होटल व्यापारियों के विषय पर चर्चा की।भाजपा महानगर अध्यक्ष ने बताया कि उत्तराखंड आबकारी नीति 2024-25 के अंतर्गत विषयों को लेकर सरकार की ओर से कई बदलाव किए गए हैं। इस नीति में बदलाव के कारण होटल व्यापारियों को कई प्रकार से आर्थिक हानि हो सकता है। आर्थिक नुकसान उठाने के चलते होटल बंद होने की कगार पर आ सकते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए काम कर रही है। किसी को कोई नुकसान न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री धामी जल्द से जल्द समाधान करेंगे और होटल व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान उत्तराखंड होटल एंड रेस्टोरेंट संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप साहनी, दिग्विजय सिंह बिष्ट आदि व्यापारी थे।

## न्यूज फ्लैश

### उपनल कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले, लोकसभा चुनाव से पहले होली का तोहफा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आखिरकार सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले उपनल कर्मचारियों को होली का तोहफा दे ही दिया। वित्त विभाग की मंजूरी मिलने के बाद उत्तराखंड शासन ने मानदेय में 10 फीसदी वृद्धि के आदेश जारी कर दिए हैं। मानदेय वृद्धि से प्रदेश के 25 हजार से अधिक कर्मचारी लाभान्वित होंगे।
धामी सरकार ने उपनल कर्मचारियों की मानदेय में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की मांग पूरी कर दी है। वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदेशभर में उपनल कर्मी 12 फरवरी से हड़ताल पर थे। उपनल कर्मियों ने कार्य बहिष्कार करते हुए सरकार से 20 फीसदी वेतन वृद्धि समेत नियमितीकरण का हाई कोर्ट के आदेश को लागू करने, सर्वोच्च न्यायालय में सरकार का विशेष याचिका वापस लिए जाने, जिन पदों पर नियमित नियुक्ति की जा रही है, उन पदों पर तैनात कार्मिकों को न हटाए जाने व उपनल कर्मचारी की मौत पर मृतक आश्रितों को नौकरी देने की मांग की थी।

### बोर्ड परीक्षा व चुनाव बहिष्कार की दी थी चेतावनी-

कर्मचारियों ने सरकार को मांगें पूरी न करने पर बोर्ड परीक्षा और लोकसभा चुनाव बहिष्कार की भी चेतावनी दी थी। उधर कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के कारण आपदा प्रबंधन विभाग से लेकर कई विभागों में कामकाज प्रभावित चल रहा था।

### काम पर लौटे उपलन कर्मी-

हालांकि, सरकार से 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ाने और अन्य मांगों के लिए समिति गठित करने के आश्वासन के बाद कर्मियों ने कार्य बहिष्कार वापस ले लिया और काम पर लौट गए। ऐसे में सरकार ने उत्तराखंड के 25 हजार उपनल कर्मचारियों को सौगात देते हुए 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ाने की मांग को मंजूरी दे दी है।

### 1200 से 3600 रुपये तक मिलेगा लाभ-

मानदेय वृद्धि से वेतन में 1200 से 3600 रुपये तक का लाभ मिलेगा। इसके पूर्व अक्टूबर 2021 में कर्मचारियों के मानदेय की दरों में बदलाव किया गया था। राज्य सरकार की ओर से 2004 से अब तक उपनल कर्मचारियों के मानदेय में सात बार वृद्धि और दो बार प्रोत्साहन भत्ते में संशोधन किया गया है।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत 6 किमी की क्रॉस कंट्री का आयोजन

**मतदाता शपथ**

8 -एसडीएम और निगम के नगर आयुक्त ने उपस्थित व्यक्तियों को दिलाई मतदाता शपथ



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हॉकी ग्राउंड आईडीपीएल ऋषिकेश में जिला खेल कार्यालय देहरादून के सहयोग से 6 किलोमीटर दूरी की क्रॉस कंट्री का आयोजन किया गया।
यह प्रतियोगिता पुरुष और महिला वर्ग में आयोजित की गई। इसका शुभारंभ ऋषिकेश के उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी और नगर निगम के मुख्य आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी ने किया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में कुल 112 तथा महिला वर्ग में कुल 37 प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लिया गया। नीरजा गोयल पैरा ओलंपियन ने भी इस दौड़ में प्रतिभाग किया गया।
इस आयोजन का मुख्य आकर्षण व्योम कठैत कक्षा 3 उम्र 8 वर्ष रहे जिन्होंने 6 किलोमीटर की दौड़ को पूरा करते हुए जूनियर धावकों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में सचिन कुमार, आकाश यादव, अभिषेक यादव, निखिल नेगी तथा नीरज कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ तथा पंचम स्थान प्राप्त किया।महिला वर्ग में कुमारी खुशी, कुमारी करीना, कुमारी स्नेहा, कुमारी खुशबू तथा कुमारी प्रियांशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय ,तृतीय ,चतुर्थ तथा पंचम स्थान प्राप्त किया।
इस अवसर पर दोनों वर्गों में प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार के तौर पर ट्रैक सूट जबकि चतुर्थ तथा पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को टी शर्ट प्रदान की गई । गुरविंदर सिंह पूर्व पार्षद तथा देवेश्वर प्रसाद रतूरी द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 1100- 1100 की नगद राशि भी प्रदान की गई । गुरविंदर सिंह पूर्व पार्षद द्वारा जूनियर एथलीट व्योम कठैत को ?500 की नगद धनराशि भी प्रदान की गई ।
आयोजन के दौरान मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी प्रतिभागियों एवं अन्य उपस्थित व्यक्तियों को मतदाता शपथ शैलेंद्र सिंह नेगी नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश तथा कुमकुम जोशी उप जिलाधिकारी ऋषिकेश द्वारा संयुक्त रूप से दिलाई गई। इस अवसर पर अनिवार्य मतदान के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

# पेट्रोल भरवाने आए युवकों ने किया हमला, नकदी लूटी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने को लेकर ग्राहक व पेट्रोल पंप कर्मियों में हुई कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित युवकों ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी हजारों रुपए की नगदी लूट कर फरार होने में भी कामयाब रहे। रुड़की कोतवाली के कमेलपुर गांव के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर मंगलवार सुबह कुछ बाइक सवार युवक आए। बताया कि पेट्रोल पंप मालिक राशिद हुसैन के पंप पर तेल भरवाने को लेकर पेट्रोल पंप कर्मचारियों के साथ उनकी कहासुनी हो गई।

# गुलदार हमला पीड़ित परिजनों को दिया छह लाख का चेक



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को मालसी रेंज के अन्तर्गत गल्जवाडी बीट के क्षेत्रान्तर्गत स्थित मराड़ी तोक गुर्जर बस्ती में गुलदार हमले के पीड़ित परिवार जनों को कैंप कार्यालय में 06 लाख रुपये की मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया।
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा 04 लाख रुपये केंद्र सरकार और 02 लाख रुपये राज्य सरकार सरकार की तरफ से कुल 06 लाख रुपये की मुआवजा राशि पीड़ित परिवार वालों की दिया गया है। उन्होंने कहा संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।
घटना देहरादून वन प्रभाग की मालसी रेंज के अन्तर्गत गल्जवाडी बीट के क्षेत्रान्तर्गत स्थित मराड़ी तोक में रविवार सांय साढ़े छह से सात बजे के मध्य शौच करने अपने घर से कुछ दूरी पर आये एक 10 वर्षीय बच्चे पर हमला किया गया। जिसमें बच्चे की मृत्यु हो गयी थी। इस अवसर पर बच्चे के पिता मीरहमजा, जोसफ, गुलाम रसूल, इब्राहिम, ग्राम प्रधान लीला शर्मा, ग्राम पंचायत सदस्य राजीव, आईएफएस डीएफओ देहरादून नितीश मणि त्रिपाठी, रेंज अधिकारी सतवेंदर पाल सिंह आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल-इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू, नकलचियों पर निगरानी




**परीक्षा**

8 उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की परीक्षाओं में करीब दो लाख परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है। इस बार इन परीक्षाओं में करीब दो लाख 11 हजार 735 परीक्षार्थी देंगे। इसके लिए परिषद ने प्रदेश भर में 1228 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। 159 संवेदनशील और छह अतिसंवेदनशील केंद्र चिन्हित किए गए हैं।
पहले दिन हाईस्कूल का हिंदुस्तानी संगीत, टंकण का तथा इंटर में हिंदी, कृषि हिन्दी का प्रश्नपत्र से परीक्षार्थियों की शुरूआत हो रही है। यह परीक्षाएं एक ही पाली में कराई जा रही है। हाईस्कूल में एक लाख 16 हजार 823 तथा इंटर में 94 हजार 912 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

**मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध, नकल मुक्त परीक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम-**

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की सचिव नीता तिवारी ने बताया कि 16 मार्च तक चलने वाली इन परीक्षाओं को नकल मुक्त कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए केंद्र व्यवस्थापक को उत्तरदायित्व सौंपा गया है। नकल में पकड़े जाने वालों को परीक्षा से बाहर कर दिया जाएगा। कक्ष में किसी के भी मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। परीक्षा केंद्रों की मदद के लिए बोर्ड मुख्यालय रामनगर में 24 घंटे चलने वाला कंट्रोल रूम बनाया गया है।

# हर गरीब बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ेगी धामी सरकार, अपराध में लिप्त होने से बचाएगी

**स्वच्छ-स्वस्थ समाज**

8 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का ऑपरेशन मुक्त अभियान प्रदेश के साथ बच्चों को अपराध मुक्त बनाएगा



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देवभूमि उत्तराखंड को अपराध मुक्त बनाने को लेकर प्रतिबद्ध धामी सरकार अब गरीब बच्चों को अपराध में लिप्त होने से बचाने के साथ उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का ऑपरेशन मुक्त अभियान प्रदेश के साथ बच्चों को अपराध मुक्त बनाएगा ही, उन्हें स्वच्छ व स्वस्थ समाज की राह भी दिखाएगा।
बच्चों से कराई जा रही भिक्षावृत्ति, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम, बच्चों को अपराध में संलिप्त होने से रोकने एवं उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित के लिए प्रदेश भर में एक मार्च से 31 मार्च तक ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलेगा। यह अभियान सभी जनपद व रेलवे स्टेशन पर चलाया जाएगा।

**मुख्य-मुख्य स्थानों पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट चलाएगा अभियान-**

समस्त जनपदों में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की ओर से यह अभियान चलाया जाएगा।
इसके लिए रेलवे में भी एक टीम का गठन किया जाएगा। अभियान के लिए संबंधित विभागों व स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। अभियान जनपद के मुख्य-मुख्य स्थान जहां बच्चों द्वारा भिक्षावृत्ति की जाती है, पर चलाया जाएगा।
अभियान में भिक्षावृत्ति, कूड़ा बीनने, गुब्बारे बेचने आदि कार्यों में लिप्त बच्चों को रेस्क्यू कर उनका विद्यालयों में दाखिला कराया जाएगा।

### आमजन भी सहयोग कर बन सकेंगे भागीदार-

समस्त स्कूल-कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों, महत्वपूर्ण चौराहों, सिनेमाघरों, बस व रेलवे स्टेशनों, धार्मिक स्थलों आदि स्थानों पर बच्चों को भिक्षा न दिए जाने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। आमजन भी इस अभियन में सहयोग कर भागीदार बन सकेंगे।

### डायल 112 पर दें भिक्षावृत्ति की सूचना, होगी कार्रवाई-

बच्चों द्वारा की जा रही भिक्षावृत्ति की सूचना डायल 112 पर दी जा सकती है। बच्चों से भिक्षावृत्ति करवाने, किसी भी प्रकार के गैंग के प्रकाश में आने अथवा किसी अपराध का होना पाए जाने पर तत्काल किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल व संरक्षण) अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### अब तक भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए 7670 बच्चे, 3603 बच्चों विद्यालयों में दाखिला-

वर्ष 2017 से चलाए जा रहे ऑपरेशन मुक्ति अभियान में अब तक 7670 बच्चों को भिक्षावृत्ति से रेस्क्यू किया गया है। इनमें से 3603 बच्चों का विद्यालयों में दाखिला करा जा चुका है।

## 11 चौके और 8 छक्के...5 महीने में ही टूट गया T20I क्रिकेट में सबसे तेज सेंचुरी जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली.एजेंसी**

27 सितंबर 2023 को नेपाल के बल्लेबाज कुशल मल्ला ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज शतक जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। अब ठीक पांच महीने के बाद 27 फरवरी 2024 को कुशल मल्ला ये विश्व रिकॉर्ड उन्हीं की टीम के खिलाफ नामीबिया के बल्लेबाज जैन निकोल लोफ्टी ईटन ने तोड़ दिया है। जैन निकोल लोफ्टी ईटन के खिलाफ आंधी की तरह बल्लेबाजी की और महज 33 गेंदों में शतक ठोक दिया है। नेपाल के कुशल मल्ला ने मंगोलिया के खिलाफ एशियन गेम्स 2023 में 34 गेंदों में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट का सबसे तेज शतक जड़ा था। अब नेपाल के खिलाफ नामीबिया के जैन निकोल लोफ्टी ईटन ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट की सबसे तेज सेंचुरी जड़ी है। जैन निकोल लोफ्टी ईटन ने महज 33 गेंदों में शतक पूरा किया। इस पारी में जैन निकोल लोफ्टी ईटन ने 11 चौके और 8 छक्के जड़े और इतिहास पलटकर रख दिया।

जैन निकोल लोफ्टी ईटन ने 33 गेंदों में शतक पूरा किया, लेकिन वे 36 गेंदों में 11 चौके और 8 छक्के जड़ने के बाद 101 रन बनाकर आउट हो गए। इस पारी के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 280.56 का था। वहीं, शतक तक उनका स्ट्राइक रेट 300 से ज्यादा का था। उन्होंने अपनी टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाने का काम किया।

वे नंबर 5 पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। 3 विकेट नामीबिया के 62 रन पर गिर गए थे।टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज शतक जड़ने का विश्व रिकॉर्ड पांच महीने तक कुशल मल्ला के नाम था, लेकिन अब लोफ्टी ईटन उनसे आगे निकल गए हैं। वहीं, उनसे पहले भारत के रोहित शर्मा और साउथ अफ्रीका के डेविड मिलर के नाम पर ये उपलब्धि दर्ज थी। दोनों ने 35-35 गेंदों में शतकीय पारी टी20 इंटरनेशनल मैचों में खेली थी। इंटरनेशनल क्रिकेट में भी सबसे तेज शतक जड़ने का विश्व रिकॉर्ड 33 गेंदों का ही है।

## फिफ्टी के बाद बुलेट ट्रेन बने बाबर आजम, तूफानी रफ्तार से T20 क्रिकेट में ठोका एक और शतक

**नई दिल्ली.** पाकिस्तान सुपर लीग यानी पीएसएल 2024 का दूसरा शतक बाबर आजम के बल्ले से निकला। इससे पहले रासी वैन डुसेन ने इस सीजन का पहला शतक जड़ा था। बाबर आजम का शतक इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने 52 रन बनाने में 42 गेंदों का सामना किया, लेकिन फिफ्टी से सेंचुरी तक पहुंचने में उन्होंने महज 17 गेंद ही खेली। बाबर आजम ने 11वीं बार टी20 क्रिकेट में शतकीय पारी खेलकर इतिहास रचा है। बाबर आजम पहले से ही क्रिस गेल के बाद टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने हुए है और अब 11वां शतक लगाकर अपने इस रिकॉर्ड को और भी ज्यादा मजबूत कर लिया है। क्रिस गेल ने टी20 क्रिकेट में 22 शतक जड़े हैं, जबकि बाबर आजम 11 बार ये कारनामा कर चुके हैं। विराट कोहली जैसे दिग्गज 8 बार ही टी20 क्रिकेट में शतक जड़ने में सफल हुए हैं। बाबर ने पेशावर के लिए पहला शतक जड़ा।



इस सीजन में पेशावर जाल्मी के लिए खेल रहे बाबर आजम ने इस्लामाबाद युनाइटेड के खिलाफ धीमी शुरुआत हासिल की थी। उन्होंने 42 गेंदों में 52 रन बनाए थे। इसके बाद अगली 17 गेंदों में वे शतक तक पहुंच गए। इन 17 गेंदों में बाबर के बल्ले से 7 चौके और 2 छक्के निकले। बाकी के रन उन्होंने दौड़कर पूरे किए। वे इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भी बल्लेबाज हैं। एक पारी में सर्वाधिक स्कोर भी उन्हीं का है।

बाबर ने इस मैच में 63 गेंदों में 14 चौके और 2 छक्कों की मदद से नाबाद 111 रनों की पारी खेली। उनका स्ट्राइक रेट 176 से ज्यादा का था। बाबर आजम आखिरी के ओवरों में बुलेट ट्रेन जैसी रफ्तार से बल्लेबाजी करते नजर आए। उन्होंने रिस्की शॉट कम खेले, बल्कि क्रिकेटिंग शॉट्स पर भरोसा किया। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका बल्ला इतना नहीं चल रहा। इस मैच में पेशावर जाल्मी को ही 8 रन से जीत मिली।

# रोहित शर्मा हैं अगले एमएस धोनी,सुरेश रैना ने क्यों कह दी इतनी बड़ी बात



**नई दिल्ली.**विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, ऋषभ पंत, मोहम्मद शमी इन सारे बड़े नामों के बगैर टीम इंडिया ने रांची टेस्ट मैच में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया। रोहित शर्मा की कप्तानी में पूरी सीरीज के दौरान जिस तरह से युवा क्रिकेटरों ने प्रदर्शन किया है, वह देखने लायक है। रोहित ने अपनी कप्तानी में युवा क्रिकेटरों को बहुत अच्छे से गाइड किया है और यही वजह है कि सुरेश रैना का मानना है कि रोहित टीम इंडिया के लिए अगले एमएस धोनी होंगे। सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाना है। इस सीरीज की शुरुआत से ही रोहित की राह आसान नहीं थी। सीरीज के आगाज से ठीक पहले विराट कोहली ने पर्सनल रीजन के चलते अपना नाम वापस ले लिया। पहले ही टेस्ट मैच में रविंद्र जडेजा और केएल राहुल चोटिल हो गए। हैदराबाद टेस्ट मैच में भारत को 28 रनों से हार का सामना भी करना पड़ा। इन सारी मुश्किलों के बावजूद रोहित ने अपनी दमदार कप्तानी और सूझबूझ से भारत को लगातार तीन टेस्ट मैचों में जीत दिलाई। केएल राहुल दूसरे, तीसरे और चौथे टेस्ट से बाहर रहे, विराट कोहली पूरी सीरीज से बाहर हैं, जसप्रीत बुमराह को रांची टेस्ट से आराम दिया गया था, जबकि मोहम्मद शमी और ऋषभ पंत भी पूरी सीरीज से ही आउट हैं। वहीं रविंद्र जडेजा भी दूसरा टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे, हालांकि उन्होंने तीसरे टेस्ट मैच के साथ टीम में वापसी कर ली। इस सीरीज में रजत पाटीदार, सरफराज खान, आकाशदीप और ध्रुव जुरेल को डेब्यू करने का मौका मिला और रजत को छोड़कर बाकी तीनों ने अपने प्रदर्शन से काफी ज्यादा प्रभावित भी किया। टाइम्स ऑफ इंडिया पर दिए इंटरव्यू में सुरेश रैना ने कहा, रोहित शर्मा अगला एमएस धोनी है, उसने अभी तक अच्छा काम किया है। वह युवाओं को काफी मौके दे रहा है, जैसा एमएस धोनी किया करते थे। मैं एमएस धोनी के अंडर काफी खेला हूं, सौरव गांगुली ने भी अपनी टीम को बहुत सपोर्ट किया था और फिर एमएस धोनी आए और उन्होंने फ्रंट से टीम को लीड किया। रोहित एकदम सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह शानदार कप्तान हैरैना ने ध्रुव जुरेल की भी जमकर तारीफ की और कहा, मैं उत्तर प्रदेश की ओर से ध्रुव जुरेल के साथ खेल चुका हूं। मैं इसके लिए रोहित शर्मा को क्रेडिट देना चाहूंगा, उसने पहले सरफराज खान को मौका दिया और फिर ध्रुव जुरेल को टीम में लेकर आया। जुरेल अभी तक शानदार रहा है, उसने रांची में पहली और दूसरी पारी में दमदार बैटिंग की। मैं उसकी बैटिंग को स्पेशल इसलिए भी कहूंगा क्योंकि विकेट से टर्न मिल रहा था। वह काफी Calm और कंपोज्ड नजर आया, जो उसकी बैटिंग की सबसे अच्छी बात थी। मैं उसकी विकेटकीपिंग से भी बहुत प्रभावित हूं। आर्मी परिवार से आने की वजह से उसका एटिट्यूड भी काफी निडर है।

**टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है, जबकि पांचवां टेस्ट मैच खेला जाना अभी बाकी है। रोहित शर्मा की कप्तानी को लेकर सुरेश रैना ने बहुत बड़ी बात कही है।**

## अनिल कुंबले ने इंग्लैंड को दी ये बड़ी सलाह, बोले- आप इसे बैजबॉल कहो या अन्य कोई बॉल, लेकिन...

**नई दिल्ली.** टीम इंडिया ने सोमवार को रांची में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-1 से अपने नाम कर ली। सीरीज का एक मुकाबला बाकी है, लेकिन अजेय बढ़त भारत के पास है। सीरीज जीत के बाद अनिल कुंबले और आकाश चोपड़ा ने बैजबॉल और दोनों टीमों को लेकर विश्लेषण किया। अनिल कुंबले ने कहा है कि बैजबॉल हो या फिर अन्य कोई बॉल, आपको टेस्ट क्रिकेट में सिचुएशन के हिसाब से खेलना चाहिए। जियोसिनेमा और स्पोर्ट्स 18 के एक्सपर्ट अनिल कुंबले ने कहा, +जब इंग्लैंड यहां आया तो चुनौती स्पष्ट थी। बैजबॉल या आप इसे जो भी बॉल कहना चाहें, भारत में खेलना और यहां भारत को हराना कभी आसान नहीं होगा। भारत ने पिछले एक दशक में घरेलू मैदान पर कभी कोई सीरीज नहीं हारी है। वे (इंग्लैंड) जानते थे कि उन्हें अलग होना होगा, लेकिन उनका गेंदबाजी आक्रमण ऐसा नहीं था, जिसके बारे में उन्हें लगता था कि वह भारत की बैटिंग यूनिट को भेदने में सक्षम होंगे।उन्होंने आगे कहा, +रांची टेस्ट के अलावा बेन स्टोक्स, जॉनी बेयरस्टो और जो रूट सहित इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाजों ने लगातार योगदान नहीं दिया। कुछ महत्वपूर्ण क्षण थे, जिन्हें उन्होंने कुछ मौकों पर पकड़ा, लेकिन अन्य महत्वपूर्ण क्षणों को उन्होंने जाने दिया। यह कहना अच्छा है कि मैं इसी तरह बल्लेबाजी करता हूं, लेकिन आप हर समय ऐसी बल्लेबाजी नहीं कर सकते। तुमको क्रीज पर रुकना होगा। टेस्ट क्रिकेट में को परिस्थितियों के हिसाब से खेलना चाहिए और रूट ने इस (रांची) मैच में यही किया।

कोई हैरानी वाली बात नहीं थी। इंग्लैंड को इस बारे में सोचना होगा।सीरीज में बैजबॉल के प्रभाव पर आकाश चोपड़ा ने कहा, पहले मैच ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

## इस PAK बॉलर पर विराट कोहली के शॉट को बाबर आजम ने किया कॉपी

**नई दिल्ली.एजेंसी**

पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2024 में पेशावर जल्मी वर्सेस इस्लामाबाद युनाइटेड (PSZ vs ISU) मैच में बाबर आजम ने नॉटआउट 111 रनों की पारी खेली। बाबर आजम पेशावर जल्मी के कप्तान हैं और फ्रंट से लीड करते हुए टीम की आठ रनों की जीत में अहम भूमिका निभाई। बाबर आजम का टी20 क्रिकेट में यह 11वां शतक था। टी20 क्रिकेट में उनसे ज्यादा शतक बस क्रिस गेल के नाम दर्ज हैं, जिन्होंने कुल 22 टी20 शतक लगाए हैं। बाबर ने अपनी आतिशी पारी के दौरान कुल 14 चौके और दो छक्के लगाए, लेकिन उनके एक चौके का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जो उन्होंने फहीम अशरफ की गेंद पर लगाया था। फहीम अशरफ ने इस्लामाबाद युनाइटेड की ओर से आखिरी ओवर फेंका और पांचवीं गेंद पर बाबर आजम ने एक मजेदार शॉट लगाया। यह शॉट फहीम की गेंद पर विराट कोहली भी खेल चुके हैं।



एशिया कप 2023 में सुपर-4 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली ने नॉटआउट 122 रनों की पारी खेली थी, तब भारतीय पारी का आखिरी ओवर फहीम ने ही फेंका था और विराट कोहली ने ऐसा ही चौक्का उनकी गेंद पर लगाया था।

आउटसाइड ऑफ वाइड गेंद थी, जिस पर बाबर पहले स्कूप खेलना चाहते थे, लेकिन फिर मन बदला और बैकवर्ड पॉइंट और शॉर्ट थर्ड मैन के बीच से उन्होंने गेंद को चौके के लिए भेज दिया। विराट कोहली और बाबर आजम दोनों के उस शॉट का वीडियो मिलाकर भी सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। पेशावर जल्मी वर्सेस इस्लामाबाद युनाइटेड की बात करें तो पेशावर जल्मी ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन बनाए, जवाब में इस्लामाबाद युनाइटेड 20 ओवर में 9 विकेट पर 193 रन ही बना पाया। बाबर आजम को शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। बाबर आजम की यह पारी देखने के लिए स्टेडियम में उनकी मां भी मौजूद थीं।

## टीम इंडिया का टेस्ट सीरीज विनिंग मोमेंट वायरल, राहुल द्रविड़ और रोहित शर्मा के चेहरे पर थी अलग खुशी



**नई दिल्ली.एजेंसी**

टीम इंडिया ने रांची के मैदान पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला जीता और इसी के साथ इस सीरीज में अजेय बढ़त बना ली। टीम इंडिया ने एक तरह से 3-1 से सीरीज अपने नाम कर ली है, लेकिन अभी सीरीज का आखिरी मुकाबला बाकी है। भले ही टीम इंडिया धर्मशाला में आयोजित होने वाले मैच को हार जाए तो भी सीरीज टीम इंडिया के नाम 3-2 से होगी। वहीं, अगर रांची में खेले गए इस मैच की बात करें तो विनिंग मोमेंट देखने लायक था, क्योंकि मैदान पर ध्रुव जुरेल और शुभमन गिल खुशी से झूम उठे, जबकि ड्रेसिंग रूम में राहुल द्रविड़ अलग मूड में नजर आए।

रांची में रोमांचक टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। एक समय पर जीत कठिन लग रही थी, क्योंकि 5 विकेट 120 रन पर गिर थे। अभी भी जीत के लिए 72 रन बनाने थे। शुभमन गिल का साथ देने के लिए ध्रुव जुरेल आए, जिन्होंने पहली पारी में 90 रन बनाए थे। जुरेल ने शानदार बल्लेबाजी की और गिल से दबाव हटाया। जल्द ही दोनों ने टीम को आगे बढ़ाया और जीत के करीब पहुंचा दिया। इसके बाद शुभमन गिल ने दो छक्के लगाकर अर्धशतक पूरा किया और फिर विनिंग रन ध्रुव जुरेल के बल्ले से निकले। इसके बाद दोनों बल्लेबाज मैदान पर झूमने लगे।

वहीं, ड्रेसिंग रूम में टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़, फील्डिंग और बैटिंग कोच के साथ-साथ अन्य सपोर्ट स्टाफ के सदस्य, खिलाड़ी और कप्तान रोहित शर्मा खुश नजर आए। सीरीज जीतने का अहसास ही अलग होता है।

## मोहम्मद शमी को करानी पड़ी पैर की सर्जरी, IPL और T20 वर्ल्ड कप 2024 समेत कई सीरीजों से हुए बाहर

**भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आखिरकार पैर की सर्जरी करानी पड़ी। टीम इंडिया को एक बड़ा झटका लगा है, क्योंकि वह IPL 2024 और T20 वर्ल्ड कप 2024 में देश के लिए नहीं खेल पाएंगे।**



**नई दिल्ली.एजेंसी**

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आखिरकार सर्जरी के दौर से गुजरना पड़ा है। वर्ल्ड कप 2023 के दौरान लगी चोट ने उनको कई महीने क्रिकेट से दूर रखा, लेकिन अब उन्होंने अपनी एड़ी का ऑपरेशन करा लिया है। टीम इंडिया के लिए ये एक बड़ा झटका है, क्योंकि वे टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। इससे पहले आईपीएल 2024 आयोजित होना है, उसमें भी वे गुजरात टाइटन्स के लिए खेल नहीं पाएंगे। भारत में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 में 7 मैचों में 24 विकेट चटकाने वाले पेसर मोहम्मद शमी ने सोमवार 26 फरवरी की देर रात इस बात की जानकारी दी कि उन्होंने अपना ऑपरेशन कराया है। शमी ने एक्स पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं और लिखा, +अभी-अभी मेरी एड़ी के अकिलीज टेंडन का सफल ऑपरेशन हुआ है! पैर को ठीक होने में कुछ समय लगेगा, लेकिन मैं अपने पैरों पर वापस खड़ा होने के लिए उत्सुक हूं।

**IPL और टी20 वर्ल्ड कप से बाहर**

शमी ने फरवरी के आखिर में पैर का ऑपरेशन कराया है, लेकिन उनको मैदान पर लौटने में 6 महीने से भी ज्यादा का समय लगेगा। इस वजह से वे आईपीएल 2024, टी20 वर्ल्ड कप, जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज और फिर अक्टूबर-नवंबर में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली घरेलू सीरीज के लिए भी शायद उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। हालांकि, वे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए फिट हो सकते हैं। इस तरह ये एक अच्छी खबर है।

आपको बता दें, वर्ल्ड कप 2023 के बाद रिहैब के लिए मोहम्मद शमी बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी यानी एनसीए गए थे। वहां उनकी चोट में कोई फायदा नहीं हुआ तो उनको ब्रिटेन एक स्पेशल इंजेक्शन लगवाने के लिए भेजा गया था। हालांकि, उस इंजेक्शन का असर भी शमी की चोट पर नहीं हुआ तो आखिर में उनको सर्जरी करवानी ही पड़ी।

## नील वैगनर ने किया इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान, न्यूजीलैंड के लिए खेले थे सिर्फ टेस्ट क्रिकेट

**न्यूजीलैंड की टीम के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। वह न्यूजीलैंड के लिए सिर्फ टेस्ट क्रिकेट खेले थे। वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं बनेंगे।**



**नई दिल्ली.एजेंसी**

जीलैंड के आक्रामक तेज गेंदबाज नील वैगनर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है। 12 साल न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले वैगनर अब कभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने न्यूजीलैंड की टीम के लिए 64 टेस्ट मैच खेले। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में भारत के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। 37 वर्षीय वैगनर गुरुवार (29 फरवरी) से वेलिंगटन में शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं होंगे। इसके अलावा क्राइस्टचर्च में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट से पहले उनको टीम से बाहर कर दिया जाएगा, जिसका मतलब है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लेंगे। न्यूजीलैंड के लिए नील वैगनर ने सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में ही भाग लिया था। वैगनर ने 260 टेस्ट विकेट चटकाए हैं। वे कीवी टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं।

नील वैगनर ने कहा कि रिटायरमेंट का निर्णय आसान नहीं था और यह एक इमोशनल वीक था, लेकिन यह स्पष्ट था कि यह आगे बढ़ने का सही समय है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने वैगनर के रिटायरमेंट को लेकर मीडिया रिलीज जारी की है।

उन्होंने कहा, किसी ऐसी चीज से दूर जाना आसान नहीं है, जिसे आपने इतना कुछ दिया है और जिससे आपको बहुत कुछ मिला है, लेकिन अब दूसरों के लिए आगे बढ़ने और इस टीम को आगे ले जाने का समय आ गया है। मैंने न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने के हर एक पल का आनंद लिया है और एक टीम के रूप में हम जो कुछ भी हासिल कर पाए हैं, उस पर मुझे गर्व है।

मूल रूप से दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले वैगनर ने 2012 में नॉर्थ साउंड में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया और पांच साल बाद उन्हीं विरोधियों के खिलाफ वेलिंगटन में एक टेस्ट में उन्होंने 39 रन देकर 7 विकेट लेकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वैगनर टेस्ट क्रिकेट में लंबे-लंबे स्पेल फेंकने के लिए फेमस थे।

